दिन– शनिवार दिनांक–12 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मैसूर–दरभंगा–बागमती एक्सप्रेस चेन्नई के पास कवाराइपेट्टई में मालगाड़ी से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्ट। हादसे में कई यात्री घायल।

02. असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

03. प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर कम्पनियों ने लगभग इक्यानवे हजार अवसर दिये। पंजीकरण आज से शुरू।

04. और, प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

————————————————————————

मैसूर–दरभंगा–बागमती एक्सप्रेस कल रात दक्षिण रेलवे जोन के चेन्नई रेल मंडल में गुम्मडिपुंडी के पास कवाराइपेट्टई में खड़ी एक मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। इस हादसे में बागमती एक्सप्रेस के बारह से तेरह डिब्बे पटरी से उतर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि कुछ यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे के अनुसार, चेन्नई के पास पुन्नेरी से गुजरने के बाद बागमती एक्सप्रेस लूप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के तीस जवान राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। रेलवे के आला अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच और स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इधर, इस हादसे के बाद इस रेल–खण्ड पर ट्रेनों का आवागमन बाधित है। रेलगाड़ियों के परिचालन के लिए वैकल्पिक प्रबंध किए जा रहे हैं। दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल ने यात्रियों और परिजनों की सुविधा के लिए हेल्प लाईन नम्बर जारी किए हैं। ये नम्बर हैं– 04 4–2 5 3 5 4 1 5 1 और 04 4–2 4 3 5 4 9 9 5.

समस्तीपुर के लिए हेल्पलाईन नम्बर है – 0 6 2 7 4 –8 1 0 2 9 1 8 8

दरभंगा के लिए हेल्पलाईन नम्बर है– 0 6 2 7 2 – 8 2 1 0 3 3 5 3 9 5

वहीं, दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए हेल्पलाईन नम्बर – 7 5 2 5 0 3 9 5 5 8 जारी किया गया है।

————————————————————————

देशभर में आज बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार पूरे श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। दशहरा के मौके पर पटना के गांधी मैदान में रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बार रावण के अस्सी फीट ऊंचे पुतले का निर्माण किया गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

पटना में सत्रह स्थानों पर रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य समारोह ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजत किया गया है। आयोजकों द्वारा रावण की अस्सी फीट, कुभंकरण की पचहत्तर फीट और मेघनाद की सत्तर फीट ऊंचे पुतले तैयार किये गये हैं। रावण वध के लिए शाम चार बजे नागा बाबा ठाकुरबारी से शोभा यात्रा निकलेगी, जो शाम पांच बजे गांधी मैदान पहुंचेगी। इसके बाद रावण दहन कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत होगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

–––बाईट–––

इधर, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के लिए एक सौ अट्ठाईस सीसीटीवी कैमरे, तेरह वाच टावर और बाइक दस्ते तैनात रहेंगे। पूरे कार्यक्रम स्थल को चार सेक्टरों में बांटा गया है।

–––बाईट–––

वहीं, पटना के ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि आज दोपरह एक बजे से रावण दहन कार्यक्रम के समाप्त होने तक गांधी मैदान की ओर वाहनों के जाने पर रोक रहेगी। वहीं, कई मार्गों में बदलाव किया गया है। अन्य जिलों में भी रावण दहन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में विजयादशमी के साथ ही कलश विसर्जन को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

–––बाईट–––

पश्चिम चम्पारण जिला में विजयादशमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। आज देवी विसर्जन और घरो में भी स्थापित कलश का विसर्जन होगा। बेतिया के जोडा शिवालय मे हर साल की भांती इस साल भी रावण दहन किया जायगा जिसकी तैयारी पूजा समिति के तरफ से कर लिया गया है। शाम को 5बजे लंका दहन बुराई पर अच्छाई के साथ ही सम्पन्न हो जायगा। आकाशवाणी समाचार के लिये बेतिया से आशिष कुमार।

इधर, औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में दशहरा के अवसर पर कई स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

–––बाईट–––

————————————————————————————

दशहरा के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को दुर्गा पूजा और विजयादशमी की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि ये पर्व हमें ईमानदारी, सचरित्रता, सहिष्णुता, सेवा, करूणा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में लोगों से सौहाद्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत एक सौ तिरानवे कंपनियां लगभग इक्यानवे इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगे। इसके लिए पंजीकरण आज से शुरू हो रहे हैं, जो पच्चीस अक्टूबर तक चलेंगे। सरकार ने इंटर्नशिप पोर्टल को प्रायोगिक परियोजना के तौर पर तीन अक्टूबर को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से प्रदान किया जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपए की लागत आएगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान इक्कीस से चौबीस वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रूपये मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा। उन्हें छह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इंटर्नशिप के लिए अवसर छत्तीस और केंद्र शासित प्रदेशों के सात सौ सैंतीस जिलों में उपलब्ध होंगें। यह अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आदित्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे चौबीस क्षेत्र में मिलेंगे।

————————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर–बैंकिंग कंपनियों सहित सभी भुगतान सेवा प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान सेवा में दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैंक ने भुगतान सेवा प्रदाता डिजिटल भुगतान प्रणाली में दिव्यांग अनुकूल आवश्यक बदलाव करने को कहा है।

–––बाईट–––

आरबीआई ने कहां कि इस समीक्षा के आधार पर इन प्रणालियों तथा श्पॉइंट–ऑफ–सेलश मशीन जैसे उपकरणों में आवश्यक बदलाव कर सकते हैं जिससे दिव्यांग लोग इसका आसानी से इस्तमाल कर पाएंगे। आरबीआई ने आगे बताया कि भुगतान प्रणाली प्रदाताओं को यह बात भी सुनिश्चित करनी है कि वे, भारत सरकार के अर्थ मंत्रालय ने 2 फरवरी 2024 को जारी किए हुए श्एक्सेसिबिलिटी स्टँडर्ड अँड गाइडलाइन्स फॉर द बँकिंग सेक्टरश का भी पालन करे। आरबीआई ने इस बात पर जोर दिया है की यह करते वक्त इन प्रणालियों की सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता ना हो। अंकिता आपटे, आकाशवाणी समाचार, मुंबई।

———————————————————————

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री– सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अभिनव परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस योजना के अंतर्गत अभिनव परियोजनाओं में– छत पर सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी, व्यापारिक मॉडल और एकीकृत तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए पाँच सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसका उद्देश्य नए विचारों को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप से जुडे संस्थानों और उद्योगों की पहचान करना और उन्हें सहयोग देना शामिल है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के बाढ़ग्रस्त बंजरिया प्रखंड स्थित सिकरहना नदी के जलस्तर में कमी के बाद अब कटाव का संकट खड़ी हो गयी है। जटवा चौक से जनेरवा होकर सुगौली, रामगढवा और रक्सौल प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क नदी में समा गई, जिससे  कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टुट गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कटाव शुरू होने पर इसकी जानकारी विभाग को दी गई थी। उल्लेखनीय है कि बंजरिया प्रखंड के चौलाहां–फुलवार भाया जटवा, बुढ़वा, कुकुरजरी मार्ग पहले से ही बाढ़ के पानी के कारण बंद है। इन गांवो के लोग फिलहाल लंबी दूरी तय कर सुगौली और नरकटिया होकर जिला मुख्यालय आवागमन करने को हुए विवश है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित कर कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————

प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के लोहिया पार्क में राजकीय समारोह आयोजित किया गया है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोग डॉक्टर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

———————————————————————

आज विश्व गठिया दिवस है। हड्डियों में पोषक तत्वों की कमी के कारण असहनीय पीड़ा होती है, जिसे गठिया या अर्थराइटिस कहा जाता है। हड्डी रोग के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष बारह अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में र्‌हूमेटोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉक्टर उमा कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में गठिया रोग की पहचान और उसके उचित उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों को सोशल मीडिया या किसी अन्य से सुनकर स्वयं ही उपचार नहीं करना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. मैसूर–दरभंगा–बागमती एक्सप्रेस चेन्नई के पास कवाराइपेट्टई में मालगाड़ी से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्ट। हादसे में कई यात्री घायल।

02. असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

03. प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर कम्पनियों ने लगभग इक्यानवे हजार अवसर दिये। पंजीकरण आज से शुरू।

04. और, प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।